## जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत सूचीबद्ध फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक– 02.06.2026 का कार्यवृत्त।

दिनांक 02.06.2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक प्रारम्भ हुयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1 मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
2 अधिशासी अभियन्ता, सिचाई खण्ड, कौशाम्बी।
3 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5 डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी, मे0 मेधज्, टेक्नों लिमिटेड।
6 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
7 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फ्रा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।

सर्वप्रथम विगत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या प्रस्तुत किया गया। जिसका अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवलोकन उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मे0 जे0एम0सी0 द्वारा जल जीवन मिशन फेज–2 व फेज –3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–**

मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को आवंटित कुल 275 नग राजस्व ग्रामों हेतु कुल 94 नग पेयजल योजनाएँ स्वीकृत है। स्वीकृत पेयजल योजनाओं में फर्म को 156 नग ट्यूबवेल, 130 नग उच्च जलाशय, 1857 किमी0 पाइप लाइन एवं 94053 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक 152 नग ट्यूबवेल एवं 128 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 1634 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 88857 नग हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। साथ ही 206 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सड़कों/गलियों को लगभग 95 प्रतिशत तक पुनर्स्थापित करा दिया गया है तथा शेष सड़कों/गलियों को आवागमन हेतु मोटरेबुल करा दिया गया है, जिसको पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरान्त पूर्व की भॉति पुर्नस्थापित/मरम्मत करा दिया जायेगा। माह– मई, 2026 में फर्म द्वारा 02 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसको फर्म द्वारा शत्–प्रतिशत प्राप्त किया गया है।

तद्ोपरान्त जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्र्तगत दूसरी सूचीबद्ध फर्म मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा कराये गये कार्यो के सन्दर्भ में जानकारी चाही गयी :–

**मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–**

मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को आवंटित कुल 351 नग राजस्व ग्राम हेतु कुल 181 नग पेयजल योजनाएँ स्वीकृत है। स्वीकृत पेयजल योजनाओं में फर्म को 202 नग ट्यूबवेल, 181 नग उच्च जलाशय, 2255 किमी0 पाइप लाइन एवं 124501 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक 197 नग ट्यूबवेल बोरिंग एवं 142 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 2076 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 117856 नग हाउस कनेक्शन प्रदान करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही 172 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सड़कों/गलियों को लगभग 87 प्रतिशत तक पुनर्स्थापित करा दिया गया है तथा शेष सड़कों/गलियों को आवागमन हेतु मोटरेबुल करा दिया गया है, जिसको पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरान्त पूर्व की भॉति पुर्नस्थापित/मरम्मत करा दिया जायेगा। माह– मई, 2026 में फर्म द्वारा 07 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसको फर्म द्वारा शत्–प्रतिशत प्राप्त किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

तदोपरान्त दोनो सूचीबद्ध फर्मो के भौतिक रूप से पूर्ण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति शुरू कराये जाने की प्रगति रिपोर्ट में अपेक्षाकृत सुधार प्रदर्शित न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुये प्रभारी अधिशासी अभियंता, जल निगम एवं फर्मो को जल–जीवन मिशन के कार्यो–ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य, कनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को मानक के अनुरूप ठीक कराने के कार्यो में तेजी लाने, एवं जिन परियाजनाओं में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, उन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कराकर शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऍ)

**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश :–**

1. माह– मार्च, 2026 तक भौतिक रूप से पूर्ण योजनाओं के टेस्टिंग एवं कमीशिनिंग का कार्य तत्काल पूर्ण कराते हुये संचालन एवं अनुरक्षण कार्य प्रारम्भ कराया जाये।
2. शेष बचे नलकूपों के बोरिंग-हेतु उपर्युक्त भूमि हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर, तत्काल बोरिंग कार्य पूर्ण कराया जाये।
3. टी0पी0आई0 एजेन्सी की Performance संतोषजनक न होने के कारण चेतावनी पत्र जारी किया जाये।
4. संचालन एवं अनुरक्षण में ली गयी सभी पेयजल योजनाओं सें सुबह–शाम नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये।
5. सभी साइट्स पर पर्याप्त श्रमिक, सामग्री, पाइप, मशीनरी आदि आवश्यकतानुसार प्रबन्ध कर कार्य की प्रगति बढ़ायी जाये तथा समस्त कार्य विभागीय विशिष्टियों/मानक के अनुसार कराये जाये। इसमें किसी भी तरह की शिथिलिता न बरती जाये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऍ)

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**कौशाम्बी।**

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।

पत्रांक 3560 /जल जीवन मिशन/W-74/ 213 दिनांक:– 01/7/26

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
2. समस्त सदस्य, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, कौशाम्बी।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी।
6. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित नियमित योजनाओं का अनुश्रवण/निरीक्षण करते हुये फर्म से गुणवत्ता सहित निर्माण कार्यो पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।

01/07/26

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**कौशाम्बी।**

Scanned with OKEN Scanner